४।८	४।८	०	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	त्रिपाददृष्टिः
७	७	४।७।८	७	५।७।९	७	३।७।१०	७	७	सम्पूर्णदृष्टिः
२२	२४	२८	३२	१६	२५	३६	४२	४२	ग्रहाणां वर्षाणि
हरिवंश श्रवण	त्रिपुर जप	रुद्री जप	कांस्य दान	अमावस्या व्रत	गोरक्षा	मृत्युञ्जय जप	भुजग दान	ध्वजा दान	नेष्टग्रहस्य वर्षे दानोपायसाधनं
कृ. उफा. उषा.	रो. ह. श्र.	मृ. चि. ध.	अश्ले. ज्ये. रे.	पुन.वि. पू. भा.	भ. पूफा. पू. षा.	पुष्य. अ. उभा.	आर्द्रा स्वा. श.	म. मू. अश्वि.	विंशोत्तरी नक्षत्राणि
६	१०	७	१७	१६	२०	१९	१८	७	विंशोत्तरी वर्षाणि
चं. मं. बृ.	र. बु.	र. बृ. चं.	र. रा. शु.	र. चं. मं.	बु रा. .श.	बु. रा. शु.	बु. श. शु.	बु.	मित्र-ग्रहाः
बु.	मं. श. गु. श.	शु. श.	मं. श. गु.	श. रा.	मं. गु.	गु.	गु.	०	सम-ग्रहाः
श. रा. शु.	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र. चं. मं	र. चं. मं.	०	शत्रु-ग्रहाः
मेष १०	वृषभ ३	मकर २८	कन्या १५	कर्क ५	मीन २७	तुला २०	मिथुन १५	धनु १५	उच्चराशयः परमोच्चांशः
तुला १०	वृश्चि. ३	कर्क २८	मीन १५	मकर ५	कन्या २७	मेष २०	धनुः १५	मिथुन १५	नीचराशयः नीचांशाः
सिंह	कर्क	मे.वृश्चि.	मि. क.	ध. मी.	वृष. तु.	म. कु.	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूलत्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्ण
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष	पु. स्त्री नपुंसक
चतुरस्र	व. स्थूल	चतुष्को.	वृत्त	वृत्त	दीर्घ	दीर्घ	दीर्घ	पुच्छ	आकार
मध्याह्न	अपराह्ण	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्ण	अपराह्ण	अपरा.	अपरा.	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैऋत्य	नैऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लोह	लोह	लोह	धातु
चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजगपद	अपद	अपद	पाद
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्व	सत्व	तम	रज	सत्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षिस्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्वरस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभू.	दग्ध	श्मशान	वाणी	जलभू	उत्कट	ऊषर	ऊषर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	वायु	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरवंत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
बन	जल	[illegible]	ग्राम	[illegible]	[illegible]	[illegible]	बिवर	बिवर	स्थान

राशिज्ञाने विशेषः

नक्षत्र वा श और स में ब और व में कोई भेद नहीं होता, तथा जिस के नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोगजाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्यं तदादिमाक्षरम्)

राशयः	मेष			वृष			मिथुन		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु
प्रथमचरण	चू	ली	आ	०	ओ	वे	०	कु	के
द्वितीयच०	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को
तृतीयच०	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह
चतुर्थ च०	ला	लो	०	ए	वु	०	की	छ	०

राशयः	कर्क			सिंह			कन्या		
नक्षत्राणि	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा
प्रथमचरण	०	हु	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे
द्वितीयच०	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो
तृतीयच०	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०
चतुर्थ च०	हि	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०

राशयः	तुला			वृश्चिक			धनु		
नक्षत्राणि	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.
प्रथमचरण	म	रु	ती	०	ना	नो	ये	भू	भे
द्वितीयच०	म	रे	तू	०	नी	या	यो	ध	०
तृतीयच०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फ	०
चतुर्थ च०	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढ	०

राशयः	मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	उ. षा.	अभिजित्	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीयच०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीयच०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च०	जी	खा	खो	०	गे	सू	०	दी	ञ	चि

नाम्नि ऋलृकृर अनुस्वारमात्रायां न भवन्ति ते । चेद्भवन्ति तदा ज्ञेया इ उ ए च यथाक्रमम् ॥१॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युःकथञ्चन। ततःपश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वरविशारदैः ॥२॥ प्रसुप्तो भाषिते येन येनागच्छति शब्दितः । तस्य नामाद्यवर्णं या मात्रा स्वरः स एव हि ॥३॥ अथ जन्मराशि–नामराश्यो प्रधानता निर्णीयते–विवाहे सर्वमांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे । जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके ॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥५॥ काकिण्यां वर्गशुद्धौ च दाने द्यूते ज्वरोदये । मन्त्रे पुनर्भूवरणे नामराशेः प्रधानता ॥६॥ कुर्यात्षोडश[3] कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते । सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाहघटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम् । नामभाच्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्–निर्णयः---वैश्वप्रान्त्यांघ्रिः श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़ के उसके चार भाग करो,उसको अभिजित् का एक चरण मान कर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढा का एक एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़ के जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण का १-१ चरण मानो। उस प्रकार को प्रायः सामान्यगणक नहीं जानते एतदर्थ यहां लिखा गया है । अपने बच्चों का सुन्दर व शुद्ध नाम रखना चाहते हों तो "राश्यभिधान कल्पलता" मोतीलाल बनारसीदास, नेपालीखपरा, पो० ब० ७५ बनारस से मंगाइये । मूल्य १।) रु० ।

नक्षत्र विषघटी ज्ञानम्---अब विषघटी के स्पष्ट करने की क्रिया समझ लीजिये । क्योंकि नक्षत्रगुणज्ञानचक्र में नक्षत्रों की विषघटी के मध्यम ध्रुवांक लिखे हैं, इनका स्पष्ट ऐसे करना,यथा---जिस दिन विषघटी देखना है उस दिन के सर्वर्क्ष से उसी नक्षत्र के ध्रुवांक को गुणा कर६०का भाग देने से जो लब्धि मिले वही विषघटी के प्रवेश का समय है और विषघटी ४ घटी की होती है । इनका भी स्पष्ट करना जरूरी है । उदाहरण---मघा के सर्वर्क्ष ५५ को मघा के ध्रुवांक ३० से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्धि २७।३० मिले, बस इसी समय से विषघटी का प्रारम्भ हुआ, विषघटी ४ को ५५ से गुणा कर ६० का भाग देने से लब्ध ३।४० मिले, बस इतने समय तक अर्थात् २७।३० से ३१।१० तक शुभ कार्य नहीं करना ।

जन्मकुण्डली से विशेष विचार और इष्टशुद्धि

लघु भ्राता का जन्म समय जानना---(१) जन्म लग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़े जो राशि हो, उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है ।

(२) तृतीयेश, तृतीयस्थग्रह, तृतीयेशस्थ राशीश की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो ।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना---(१) जन्म लग्नेश के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहिन को कष्ट होता है ।

(२) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल स्पष्ट घटावे (यथा---ल० तृ०-शे । द×मं=यो. शे.---यो=शे.) शेष राशि में जब गोचर का शनि होता है तब भ्रातृकष्ट होता है ।

(३) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, मंगल इन चारों स्पष्टों को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर शनि होता है उस काल में भ्रातृकष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब भ्रातृकष्ट जानिये ।

माता की मृत्यु का समय जानना---(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना ।

(२) सुखेश, चन्द्रमा या इनके साथ वाला ग्रह सुखस्थ ग्रह चतुर्थ भाव पूर्णदर्शी ग्रह इनमें जो माता के लिये विशेष अरिष्टकारी ग्रह हो उस ग्रह की दशान्तर्दशा में माता को कष्ट होता है ।

टिप्पणी---(१) जशोर्जः, यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकरराशिः । कषसंयोगे क्षः, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशिः। एवं ध्यालारामस्य कुम्भराशिः। (२)यथा–ऋषभदेवः ऋतकरामः लृतरामः । (३)गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं ततः । जातकर्माभिधेयं च निष्क्रमप्राशने मतम् । चूड़ोपनयनं वेद–व्रतानां च चतुष्टयम्। गोदान–मेषलोन्मोक्षौ विवाहः षोडशक्रियः॥

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना––(१) जन्मलग्नेश पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े योग फल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब सन्तान उत्पन्न होती है।

(२) चं० ल० गु० इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवम स्थानेश की दशान्तर्दशा में सन्तानोत्पत्ति होती है।

विवाह स्त्री सुख होने का समय जानना–१ जन्मलग्नेश सप्तमेश को जोड़ कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर में गुरु चन्द्र होते हैं तब विवाह होता है।

(४) श० चं० सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना––(१) गुलिकस्पष्ट से सूर्यस्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में गोचर का शनि जब हो तब पिता रोगग्रस्त होता है। और उक्त शेष राश्यादि के समय जब गोचर का गुरु होता है तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो तो उसकी दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

पराशरोक्त प्राणपद से जन्मेष्ट काल शुद्ध करना––जहां अटे-सटे से लग्न बनाया गया हो, या जन्मपत्री के लग्न की अपेक्षा लग्न अधिक शुद्ध देखना हो तो इष्टकाल की घड़ियों को ४ से गुणा करें। पल १५ से अधिक हों तो १५ का भाग देकर जो लब्ध आवे वह चारगुणी की हुई इष्ट घटी के अंक में मिला दें। १५ का भाग देने से जो शेष पल रहें उनको दुगुने कर चतुर्गुणित इष्ट घटी के नीचे रखना। पश्चात् १२ का भाग देना शेष राशिअंश बचे उनमें स्पष्ट सूर्य यदि चरराशि का हो तो ज्यों का त्यों, स्थिर में हो तो ८ राशि मिलाकर, द्विस्वभाव, में हो तो ४ राशि मिला देने से राश्यादि प्राणपद बन जाता है। प्राणपद मनुष्यों की कुण्डली में प्रायः १।५।९ स्थान में, पशुओं की कुण्डली में २।६।१० स्थान में, पक्षियों की कुण्डली में ३।७।११ स्थान में और कीट सर्प जलचर जन्तुओं की कुण्डली में ४।८।१२ स्थान में रहता है। लग्न के व प्राणपद के अंश सदा एक समान रहते हैं।

भावीविचार

(१) पौष मास में मूल नक्षत्र से लेकर भरणी नक्षत्र तक के ११ नक्षत्रों को ध्यान पूर्वक देखकर कापी में लिख रक्खें, यदि इन दिनों में बादल हों तो आगे वर्षाकाल में सूर्य के आर्द्रा नक्षत्र से लेकर विशाखा तक ११ नक्षत्रों में वर्षा होवे। अर्थात मूल नक्षत्र में बादल हों तो आगे वर्षाकाल में सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र बर्षता निकले। ऐसे ही पूर्वाषाढा से पुनर्वसु, उत्तराषाढा से पुष्य, श्रवण से आश्लेषा, धनिष्ठा से मघा, शतभिषा से पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाभाद्रपद से उ. फा. उ. भा. से हस्त, रेवती से चित्रा, अश्विनी से स्वाति और भरणी से विशाखा नक्षत्र में वर्षा होवे॥ सुज्ञ जनों को चाहिये कि इन दिनों को अवश्य देखें और विचार पूर्वक अपने पास नोट कर लें जिस से वर्षा का अन्दाजा ध्यान में रहे॥

(२) माघशुक्लसप्तमी को पूर्व उत्तर की वायु चले आकाश बादलों से ढका रहे वा बिजली चमके तो आगामी वर्ष अच्छा होता है, इस दिन आकाश निर्मल हो तो दुर्भिक्ष पड़ता है, निश्चय है।

(३) माघशुक्लनवमी को बादल या वर्षा आदि हो तो भाद्रपद में वर्षा अच्छी होती है।

(४) चैत्रकृष्ण में आकाश का निर्मल रहना अच्छा है, यदि यहां मूल से भरणी नक्षत्र तक बादल व वर्षा हो तो अनावृष्टि होती है। पौष में तो इन नक्षत्रों में बादल होना अच्छा है और इधर इस मास में निर्मल रहना अच्छा है॥

(५) चैत्रशुक्लप्रतिपदा को वर्षा बिजली या मेघ गर्जन हो तो श्रावण भाद्रपद में वर्षा की खेंच जरूर होती है॥

(६) अश्विनी भरणी नक्षत्र पर सूर्य रहते यदि वायु-शास्त्रसम्बन्धी कोई वर्षा-नाशक अपयोग बना हो, परन्तु कृत्तिका के सूर्य में बिजली छींटे आदि हो जायें तो अशुभ फल नहीं होता है। रोहिणी में तपे, कृत्तिका में छींटे बिजली वा वर्षा हो और मृगशिर में वायु चले तो वर्षाकाल में अच्छी वर्षा होती है, परन्तु रोहिणी में मेघ गर्जे, थोड़ी वर्षा हो या वायु चले, कृत्तिका में तपे पर मेघ गर्जन बिजली छींटे न हों, मृगशीर्ष में तपत हो तो वर्षा में खेंच होती है और दुर्भिक्ष पड़ता है॥

(७) कृत्तिका में यदि वर्षा बूंदा बांदी हो जाय तो वायुमण्डल में पहले कुछ अशुभ योग भी हुए हों तो उनका बुरा फल नहीं होता, वर्षा काल में अच्छा पानी बर्षता है। अतः कृत्तिका के सूर्य में बूंदा बांदी बिजली बादल का होना अच्छा है।

(८) रोहिणी पर सूर्य को अच्छा तपना चाहिये, गर्मी अधिक हो तो वर्षा श्रेष्ठ, वायु अधिक हो तो वर्षा की खेंच और वर्षा हो तो पहिले वर्षा की खींच होकर पीछे वर्षा होती है, इन १५ दिनों में वायु, बादल, बिजली वर्षा होना हितकर नहीं स्वच्छ धूप पड़नी चाहिये, रोहिणी में बूंदाबांदी होने पर वर्षा की खींच जरूर होती है यह अनुभवसिद्ध है, आषाढ़ी पूर्णिमा की वायु अच्छी होने पर भी इसके खेंच का असर तो पहिले होता ही है॥

(९) मृगशिर नक्षत्र पर सूर्य रहे तब तक जोर का पवन चलना अच्छा है, यदि वायु न चले तो वर्षा देर से आती है और कम भी होती है॥

वर्षा विज्ञान

सूर्य के रोहिणी नक्षत्र पर रहते नीचे लिखे दिनों में जहाँ कहीं थोड़ी सी वर्षा हो तो इतने दिनों तक वहाँ वर्षा न होवे। जैसे रोहिणी में सूर्य प्रवेश के प्रथम दिन थोड़ी सी वर्षा हो तो उस दिन से ७२ दिन तक वर्षा की खैंच रहती है। सूर्य

१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३
७५	५०	४५	४२	३९	३४	२१	३०	२८	२४	२१	१६	१२

रोहिणी पर रहे उन दिनों में गर्मी ज्यादा पड़े तो आगे वर्षा श्रेष्ठ। वायु से राजाओं में विग्रह। थोड़ी वर्षा से संवत् नेष्ट, दैवात् यदि अधिकवर्षा हो जावे और नदियों में वर्षा का जल भी चल पड़े तो अशुभ फल नष्ट होकर वर्षा अच्छी होती है। उन दिनों में बिजली से वर्षा की कमी। अधिक दिन की बिजली से शुभ, बादल की दिशा में वर्षा की कमी। निर्मल दिशा में वर्षा अधिक होती है।

वर्षा ज्ञानसारणी

दिसंबर	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
जून जुलाई	जू. १४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	जु. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
जनवरी	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
जुलाई अगस्त	जु. १५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	अ. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
फरवरी	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८			
अगस्त सितंबर	अ. १५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	सि. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४
मार्च	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१
सितंबर अक्टूबर	सि. १२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	अ. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अप्रेल	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	
अक्टूबर नवंबर	अ. १३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	न. १	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२

वर्षाज्ञान सारणी से वर्षा जानने की रीति—दिसंबर, जनवरी, फरवरी मार्च इन चारों मासोंकी तारीखों में जिन जिन तारीखों में जहाँ वर्षा होती है उसके हिसाब से ही वर्षा ऋतु में जुलाई, अगस्त, सितंबर, अक्टूबर इन चार मासों में वहाँ वर्षा प्रायः हुआ करती है। प्राचीन ज्योतिष के वृष्टि विज्ञान के सिद्धान्त से आधुनिक समय के अनुसार भारत में १२ दिसंबर के बाद ही शीतकाल में वर्षा साधारण रूप से होने का नियम है। जैसे मान लो कि शीतकाल में लुधियाना में १९ दिसंबर को वर्षा हुई है तो वर्षा ऋतु में वहाँ २ जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार मान लिया कि शीतकाल में १५ जनवरी को देहली में वर्षा हुई है तो ऊपर की वर्षा ज्ञानसारणी यह बता देगी कि वर्षा ऋतु में वहा २९ जुलाई को वर्षा होगी। इसी प्रकार जैसे कि २२ फरवरी को शीतकाल में कहीं वर्षा हुई हो तो वहा ५ सितम्बर को वर्षा होगी। वर्षा ज्ञान के लिये शीतकाल में होने वाली वर्षा की तारीखवार टाइम सहित नोट करके देखने से वर्षा ऋतुकी वर्षाका ज्ञान ठीक हो सकता है, विशेष सूक्ष्मताके लिये मेघगर्भ तथा ग्रहोंका सप्तनाड़ी चक्रादि विचार करना चाहिये।

अथ अनावृष्टिशान्तिप्रयोग

गंगा, यमुना आदि महानदी को छोड़ के अन्य किसी नदी के तट पर वा तालाब वा वन वा शिव के मन्दिर में जाकर वहाँ मेघों का आवाहन करे। कमल के आकार का अष्टदल का यंत्र बना के उसमें पर्जन्य सहित सातों मेघों को स्थापन करके कनेर के पीले लाल तथा श्वेत पुष्प, धूप, दीप, नैवेद्य, आदि से पूजा करे। (मेघों के नाम और आवाहन मंत्र) ॐ ह्रीं मेघदूताय नमः आगच्छ २ स्वाहा ॥१॥ ॐ ह्रीं मेघदूती कमलोद्भवाय नमः आगच्छ २ स्वाहा ॥ २ ॥ ॐ ह्रीं महानीलराजाय हिमवद्वासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥ ३ ॥ ॐ ह्रीं नन्दकेश्वराय जठरनिवासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥ ४ ॥ ॐ ह्रीं सिंहराजाय कैलाशनिवासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ।५॥ ॐ ह्रीं कुम्भराजाय वामश्रृंङ्गमेरु निवासाय मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥ ६ ॥ ॐ ह्रीं नन्दराजाय दक्षिणश्रृंगमेरु निवासाय मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा ॥७॥ फिर नाभि मात्र जल में खड़ा होवे ऊपर लिखे प्रत्येक मंत्र को १०००-१००० जपे पश्चात् गुगल, श्वेत चन्दन, अगर, कनेर के पुष्प और बहुत सी शहद, तथा घृत की १०८-१०८ आहुति प्रत्येक मंत्र से दे तो निश्चय ही वर्षा होवे॥ अतिवृष्टि शान्ति प्रयोग। "ॐ नमो हनवन्त वीर अंजनी पवन देवता की आण जहू ऐसी मेघ मण्डली वर्षसी इत उत फूट सत खण्ड जावसी" ॥ अति वर्षा के समय इस मंत्र का ७-७ बार जाप करके तीन बार ताली बजाकर आकाश की ओर मुख करके फूक मारने से अतिवर्षा करते हुवे मेघ भी तत्काल फट जावे। इसी मंत्र को जपता हुआ वर्षते हुए पानी को झाड़ू से दूर करके उस झाड़ू को सीधा खड़ा कर दे तो वर्षा बन्द हो जावे। मन्त्र को पहले दीपमाला में जपकर सिद्ध करले॥

द्वादश राशियों का मासिक फलादेश सं० २०१० वि.

राशय:	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	श्रावण	भाद्रपद	आश्विन
मेष	लाभ उत्तम, स्त्रीचिंता, वाहन भय, राजपक्ष शुभ।	लाभ कम, कमर तोड़ खर्च, शत्रुनाश।	पित्तपीड़ा,वाहनभय, लाभ अच्छा, शुभकृत्यकी चिंता।	स्वास्थ्य ठीक, कारोबार उत्तम, बंधुचिंता, शत्रुहानि	स्वास्थ्यसुख, द्रव्यप्राप्ति, संततिसे सुख,शत्रु व राज्यसे भय	देहसुख, स्त्रीकष्ट, संततिसुख, व्यय अधिक, गुप्तचिंता
वृष	अचानक चिंता, कारोबार उत्तम, मित्रलाभ, स्वास्थ्यठीक	मन चंचल, मित्रोंसे विरोध, शुभ समाचार सुने।	उद्योगमें असफलता, बंधु चिंता, माससमध्य शुभ।	लाभसे खर्च ज्यादा, संतान चिंता. स्वास्थ्यठीक, दुष्टभय	शरीरसुख, लाभ सामान्य,व्यय अधिक, जल व अग्नि से भय	स्वास्थ्य मध्यम, संततिसुख, बंधुसुख,लाभसे व्यय ज्यादा
मिथुन	लाभ उत्तम, संतति चिंता, राज्यसे मान, कारोबारमें वृद्धि	जिम्मेदारी बढ़े, लाभ अच्छा चिंता कम,स्वास्थ्य कुछ खराब	कुटुम्ब चिंता, शिरपीड़ा कारोबार ठीक,यात्रामें कष्ट	हृदयमें कष्ट, शुभमें खर्च मित्रमिलाप, कारोबार ठीक	बंधुसुख, शरीरपीड़ा, शत्रुसे हानि, स्त्रीकष्ट, लाभ अच्छा	शरीरसुख, द्रव्यलाभ, पुत्र सुख, व्यय अधिक, धर्मप्रेम
कर्क	कारोबार की चिंता, शुभमें व्यय, नये कामका विचार।	बंधुसुख, कारोबार उत्तम विवादमें जय, घरू चिंता।	उदर विकार, चोरभय, गुप्त चिंता, वृथा खर्च	कारोबार ठीक, स्वास्थ्य कुछ खराब, स्त्रीपुत्रचिंता, मित्रसुख	वायुविकार, स्त्रीसुख, शत्रुवृद्धि,वृथाखर्च, लाभमें बाधा	लाभ अच्छा, वृथा यात्रा, संतानकष्ट, वायुविकार
सिंह	स्वास्थ्यहानि, बंधुवर्ग से विरोध, लाभ मध्यम।	कारोबारकी चिंता, यात्रा में कष्ट, परस्पर विवाद।	राजभय,गृहभूम्यादिकी चिंता लाभमध्यम, कोषमें कमी	लाभ अच्छा होते हुये भी धन चिंता, रोगभय,मासांत शुभ	स्वास्थ्य अच्छा, द्रव्यहानि, बंधुप्राप्ति, राज्यमान, चोटभय	स्वास्थ्यसुख, द्रव्यलाभ, पुत्र सुख, शत्रुनाश, उत्साहवृद्धि
कन्या	गुप्त शत्रुपीड़ा,स्वास्थ्य ठीक, लाभ में बाधा, स्त्रीसुख।	कुटुम्ब क्लेशके कारण चिंता वृथा व्यय, शत्रु बढ़ें।	लाभ होते हुए भी परेशानी स्वास्थ्यहानि, नौकरसे बिगाड़	गृहचिंता, कार्यसिद्धि की फिकर, बड़े आदमीसे भय	राज्यसे लाभ, स्त्रीसुख, उन्नति, व्यय अधिक, शिरदर्द	शरीरसुख, लाभ कम, संततिकष्ट, स्त्रीसुख, कारोबारचिंता
तुला	रोगभय. मित्रबंधुसे संतोष स्त्री वा संतति की चिन्ता।	लाभ हाथसे निकल जावे, स्वास्थ्यमध्यम, मानहानिभय	खर्च विशेष, बंधु चिन्ता, मासान्त शुभ, दुष्ट भय।	कारोबार की फिकर, रोगभय मित्रमिलाप, लाभ कम	स्वास्थ्य अच्छा, बंधुवियोग सुतकष्ट, शत्रुनाश. लाभमध्यम	बंधुमिलाप, दुःस्वप्न,शत्रु बढ़ें राज्यभय, लाभमें बाधा
वृश्चिक	अपयश, कार्य में विघ्न. शरीरकष्ट, लाभ कम।	शत्रुनाश, लाभ अच्छा, पैर व शिरमें कष्ट, मिथ्या कलंक	पशुकष्ट, विवादमें खर्च, धनचिंता, स्त्रीसुख,लाभ कम	स्त्रीपुत्रसे खुशी, शत्रुवृद्धि, कारोबार में तरक्की।	स्त्रीहेतु धनव्यय, बंधुसुख सामान्य, पुत्रप्राप्ति, राज्यसम्मान	द्रव्यनाश, शत्रुभय, सुख कम, व्यय ज्यादा, धर्म कार्य हो
धनु	लाभ उत्तम, मित्रोंसे सहायता, नौकरोंसे सावधान।	विशेष लाभ न हो, शत्रुनाश, सोचे हुये कार्य सफल।	शत्रुनाश, यात्राकष्ट, लाभ मध्यम, किसीसे विवाद।	रोग तथा शत्रुपीड़ा, स्त्रीपुत्रादि की चिंता, कारोबारठीक।	शरीर व संततिकष्ट, स्त्रीसे कलह, कारोबार से लाभ	वायुपीड़ा, द्रव्यलाभतथा साथ २नाश भी, शत्रुनाश, चोटभय
मकर	स्वास्थ्य मध्यम, बंधु सुख, धनलाभ, संतानकष्ट ।	संपत्ति बढ़े, स्त्रीसुख, यश वृद्धि, शुभमें खर्च, लाभकम।	संतानसुख, राज सम्मान, कारोबार ठीक ।	लाभका मौका हाथ आवे उदरविकार, शत्रुनाश।	स्वास्थ्य साधारण,द्रव्यप्राप्ति बंधुओंसे मिलाप, चोट का भय	शरीरकष्ट,राज्य तथा मशीनरी से लाभ, व्यय कम
कुम्भ	व्यर्थ विवाद, धर्ममें प्रवृत्ति, व्यापारहानि, वृथा यात्रा।	लाभ मध्यम, बंधुकष्ट सेवक से मन खिन्न, शरीर ढीला।	कहीं आना जाना पड़े,लाभ खर्च सम, शरीरकष्ट,वृथाचिंता	बंधुसुख, कारोबार ठीक, संततिचिंता, जलभय।	स्वास्थ्यहानि, संपत्ति बढ़े,बंधु कलह, स्त्रीसुख, लाभ अच्छा	शरीरसुख, संततिसुख, स्त्रीकष्ट, शुभमें व्यय, वृथाविवाद
मीन	लाभ होकर फिर हानि, गुप्तांगमें पीड़ा, शत्रुनाश।	लाभ अच्छा,स्त्रीपुत्र चिंता,सोचाहुआ कार्य बने,नजदीक यात्रा	कारोबार अच्छा होते हुये भी परेशानी, बंधुओंसे सुख।	जमीन मकानकी चिंता, स्त्री द्वारा व्यय, रोगभय।	शरीरसुख, संतानकष्ट, राज्यसे लाभ, शत्रु हानि।	वाहनभय, स्त्रीकष्ट, लाभकम,कारोबार बढ़ानेकीचिंता

नोट–उपर्युक्त द्वादश राशियों का फल सामूहिकरूपेण स्थूल मानसे मिलता है, सूक्ष्म ठीक ठीक मासिक फल जानना चाहें तो अपना वर्षफल बनवाइये।

द्वादश राशियों का मासिक फलादेश सं० २०१० वि.

राशयः	कार्तिक	मार्गशीर्ष	पौष	माघ	फाल्गुन	चैत्र
मेष	व्यय अधिक शत्रुभय, बंधुसुख, संतति चिंता।	स्वास्थ्यहानि,स्त्रीसुख,मास-मध्यशुभ, लाभकम, व्यय ज्या.	स्वास्थ्य ठीक, द्रव्यनाश, बंधुकष्ट, चिन्ता अधिक	स्वास्थ्यठीक, लाभ अच्छा, बंधुसुख, स्त्रीकष्ट, शत्रुभय	शरीरकष्ट, लाभ अच्छा,संत-तिप्राप्ति, शत्रुवृद्धि, व्यय काफी	वायुपीड़ा, लाभ अच्छा, बंधु सुख, संततिकष्ट, शत्रुभय।
वृष	लाभ मध्यम, शत्रुनाश, पुत्रादि का सुख।	स्वास्थ्यहानि,व्ययअधिक,बंधु सुख सामान्य, संततिकष्ट	स्वास्थ्य अच्छा, बंधुसुख, लाभ अच्छा, प्रेमीमिलाप, यात्राकष्ट	स्वास्थ्यहानि, द्रव्यनाश, बंधु व पुत्र वियोग, लाभ सामान्य	शरीरसुख, यात्राकष्ट, स्त्रीसुख राज्यसे हानि, संततिसुख	उदरपीड़ा, राज्य से लाभ संततिसुख, शत्रुभय
मिथुन	शरीरसुख कम, लाभ अच्छा बंधुसुखका अभाव, मानवृद्धि	स्वास्थ्यमध्यम, लाभ कम, बंधुनाश, शत्रुभय, कार्यसिद्धि	स्वास्थ्यहानि, स्त्रीसुख, व्यापा-रादिसेलाभ, व्ययकम, खुशीहो	स्वास्थ्य मध्यम, द्रव्यलाभ, स्त्रीकष्ट, व्यय विशेष	स्वास्थ्य मध्यम, द्रव्यलाभ, स्त्रीकष्ट, राज्यहानि, मित्रलाभ	स्वास्थ्य मध्यम, द्रव्यप्राप्ति, पुत्रसुख, कारोबारकी चिन्ता
कर्क	शरीरसुख कम, लाभ अच्छा शत्रुनाश, शुभकर्ममें प्रवृत्ति	स्वास्थ्य ठीक,स्त्रीकष्ट,गुप्त चिंता, कारोबार में हानि	स्वास्थ्य मध्यम, द्रव्यनाश, शत्रुभय,स्त्रीकष्ट,लाभमें विघ्न	स्वास्थ्यहानि, बंधुकष्ट स्त्री-सुख, लाभ अच्छा, व्यय अधिक	स्वास्थ्य अच्छा, द्रव्यनाश, बंधु चिंता, संततिसुख, शत्रुभय	द्रव्यलाभ, बंधुनाश,संततिसुख शत्रुभय, व्यय ज्यादा।
सिंह	शरीरसुख मध्यम, लाभ अच्छा, यात्रा कष्ट।	स्वास्थ्य सामान्य,लाभ कम, शत्रुभय, स्त्रीकष्ट, चौरभय	स्वास्थ्य अच्छा, द्रव्यलाभ, बंधुसुख, स्त्रीसुख, वृथाखर्च	स्वास्थ्यचिंता, शत्रुभय, पुत्र-स्त्रीसुख,लाभमध्यम,व्यय अधि.	स्वास्थ्य मध्यम, संततिसुख, शत्रुभय, स्त्रीकष्ट, व्यय अधिक	शरीर व बंधुकष्ट, शत्रुभय, लाभकम, व्यय अधिक।
कन्या	शरीरसुख अच्छा, बंधुवियोग, धननाश, दुष्टभय।	स्वास्थ्यहानि, लाभकम, सं-ततिदुःख, व्यापार चिंता।	स्वास्थ्यहानि, संततिकष्ट, शत्रुपीड़ा, कारोबार चिंता	शरीरसुख, स्त्रीसुख, राज्य से लाभ, कारोबारमें हानि	स्वास्थ्यहानि, द्रव्यनाश, बंधु-सुख, स्त्रीसुख, लाभ अच्छा	शरीरकष्ट, शत्रुसे हानि,स्त्री-सुख, राज्यभय, लाभ अच्छा
तुला	स्वास्थ्यहानि, लाभ अच्छा, कारोबार चिंता, शुभविचार	स्वास्थ्य अच्छा, द्रव्यनाश, बंधुसुख, कार्यान्तिरका विचार	स्वास्थ्य सामान्य, बंधुवियोग, लाभ अच्छा होकरभी न मिले	स्वास्थ्यमध्यम, बंधुकष्ट, शत्रु नाश, लाभ अच्छा,व्यय काफी	शरीरसुख सामान्य, लाभ अच्छा, बंधुकष्ट,शत्रु नाश, राज्य से हानि	स्वास्थ्यहानि, संततिकष्ट, शत्रु नाश,कारोबारखराब,गुप्तचिंता
वृश्चिक	स्वास्थ्य अच्छा, कारोबार में हानि, बंधुसुख कम, वृथा विवाद	स्वास्थ्य अच्छा, द्रव्यलाभ, यशवृद्धि, बंधुनाश, शत्रुभय	स्वास्थ्यहानि, बंधुकष्ट, शत्रु-नाश, लाभव्यय सम, यात्रा हो	स्वास्थ्यहानि, बंधुकष्ट, शत्रु नाश,राज्यसुख लाभव्ययअधि.	शरीरसुख, बंधुकष्ट, शत्रुनाश, स्त्रीसुख, लाभ व्यय सम	उदरविकार, नये कार्यका वि-चार, लाभ अच्छा, बंधुकष्ट।
धनु	स्वास्थ्य अच्छा,लाभकम,स्त्री सुख, गुप्तचिंता, दूरकी यात्रा	बिगड़े कार्य सिद्ध, स्त्रीसुख, लाभ अच्छा, शत्रु भय	स्वास्थ्यहानि, संततिसुख,शत्रु नाश, स्त्रीकष्ट, व्यय ज्यादा	स्वास्थ्यमध्यम, लाभ सामान्य पुत्रसुख, शत्रुभय, व्यय अधिक	शरीरपीड़ा, द्रव्यलाभ, संत-तिकष्ट, शत्रुभय, बंधु-स्त्रीसुख	वायुपीड़ा, द्रव्यलाभ, संतति-कष्ट, स्त्रीसुख, व्यय ज्यादा
मकर	स्वास्थ्य हानि, बंधुनाश, शत्रुभय, लाभकम, यात्रासुख	स्वास्थ्य ठीक,व्यापार या राज्य से धनप्राप्ति, मित्र समागम	स्वास्थ्य ठीक,लाभ सामान्य, पुत्रसुख, शत्रुभय, चिन्ता	स्वास्थ्य सामान्य,राज्यसे द्रव्य प्रा., पुत्रकष्ट, शत्रुनाश,स्त्रीसुख	स्वास्थ्य अच्छा, राज्यसुख, कारोबारमें लाभ,व्यय सामान्य	स्वास्थ्य मध्यम,स्त्रीसुख, लाभ अच्छा, पशु सुख, दुःस्वप्न।
कुम्भ	लाभ मध्यम, शत्रुनाश स्त्री-सुख, दुःस्वप्न, शिरपीड़ा।	स्वास्थ्य अच्छा, धनप्रा.,बंधु कष्ट, संततिसुख, वाहनभय	स्वास्थ्य उत्तम, लाभ अच्छा, संततिसुख, चिन्ता दूर	स्वास्थ्यअच्छा, द्रव्यलाभ, संत-तिप्रा., शत्रुभ., स्त्रीक.,व्यय अ.	स्वास्थ्य मध्यम, द्रव्यलाभ, बंधुसुख, शत्रुवृद्धि, स्त्रीसुख	शिर वा उदरपीड़ा, शत्रुभय, राज्यसे लाभ, कारोबार ठीक
मीन	स्वास्थ्य अच्छा, लाभकम, शत्रुनाश,पैरकष्ट,स्त्रीद्वाराव्यय	स्वास्थ्य अच्छा, स्त्रीकष्ट, लाभकम, मानवृद्धि, अग्निभय	स्वास्थ्य अच्छा, द्रव्यलाभ, बंधु सुख,स्त्रीसुख, अग्नि वा शत्रुभय	स्वास्थ्य अच्छा, संततिकष्ट, शत्रुभय, स्त्रीसुख, व्यय कम	स्वास्थ्य अच्छा,बंधुकष्ट,संत-तिसुख, शत्रुनाश,लाभव्यय सम	संततिसुख, स्त्रीकष्ट, द्रव्य-नाश, अचानक यात्रा

नोट—उपर्युक्त द्वादश राशियों का फल सामूहिकरूपेण स्थूल मानसे मिलता है, सूक्ष्म ठीक ठीक मासिक फल जानना चाहें तो अपना वर्षफल बनवाइये।

चैत्र शुक्ल १ को वर्षफल श्रवण

अचिन्त्याव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्तजगदाधारमूर्तये ब्रह्मणे नमः ॥१॥
बिनायकं प्रणम्यादौ देवी वाग्देवतां गुरुम्। संव्वत्सरफलं वक्ष्ये लोकानां हितकाम्यया ॥२॥
सम्यक् बिचार्यगणितं दैवज्ञजनतुष्टिदम् । मुकुन्दवल्लभेनेदं तिथिपत्रं विनिर्मितम् ॥३॥
अनेन धार्मिकजनः कालज्ञानसहायिना । तिथिपत्रेण सन्तुष्टो भवत्वित्येव याच्यते ॥४॥
तिथिर्वारञ्च नक्षत्रं योगः करणमेव च। पञ्चांगस्य फलं श्रुत्वा गंगास्नानफलं लभेत् ॥५॥

चैत्र शुक्ल १ को नूतन संवत्सर प्रारम्भ होता है, उस दिन प्रति घर पर ध्वज लगावें। तोरण आदि से गृह सुशोभित करें, मङ्गल स्नान कर देवता, ब्राह्मण, गुरुकी पूजाकर, स्त्रियाँ शिशु आदि बस्त्र आभूषण आदि परिधान कर उत्सव मनावें। ज्योतिषीजीका सत्कार कर उनसे नूतन संवत्सर का फल श्रवण करें। प्रातःकाल में कटुनिम्बके कोमल पत्र और पुष्प लावें, उसमें कालीमिर्च, हीग, नमक (सैंधा) अजवायन, जीरा और खांड मिलाकर चूर्ण बनावें, कुछ इमली मिलावें और वह भक्षण करें, इस प्रयोग से अनेक रोगों की शान्ति होती है (वर्ष पर्यन्त ज्वरादि बीमारी नहीं होती)।

पञ्चाङ्गस्थ गणेश और ब्राह्मण ज्योतिषी की पूजा कर याचकों को यथाशक्ति दानादि से प्रसन्न करें, मिष्टान्न आदि भोजन करावें, गीत (गायन) वाद्य कथा श्रवण आदि कर सम्पूर्ण दिन आनन्द से व्यतीत करें। गृहस्थियों को विलासयुक्त आनन्दपूर्वक वर्षारम्भ दिन व्यतीत करने से सम्पूर्ण वर्ष आनन्दमय जाता है।

ये चैत्रशुक्लप्रतिपत्तिथौ फलं शृण्वन्ति भक्त्या प्रतिवार्षिकं नराः। ते दुःखदारिद्रचरुगादिवर्जिता नन्दन्ति लोके धनधान्यसंकुलाः ॥१॥ शाकस्य श्रवणात्सुपुण्यजननं - संवत्सरस्याद्यतां, राज्ञो राजकुले जयो विजयते मन्त्री फलं वृद्धिदम्। धान्यं धान्यपतेः रसं रसपतेः क्षेत्रेषु वृद्धिस्तथा, सस्यं सर्वसुखञ्च वत्सरफलं संशृण्वतां सिद्धिदम् ॥२॥ इति संवत्सरादिफलश्रुतिः।

सृष्टिक्रम वर्णन

अथवा सृष्टि के संक्षिप्त इतिहास की अवतरणिका—समस्त जगत् की उत्पत्ति स्थिति और लय कारणरूप ब्रह्मा की आयु अपने ही दिनों के मान से सौ वर्ष की होती ह। अब ब्रह्माकी आयु के ५० वर्ष व्यतीत होकर, ५१वें वर्षके प्रथम दिनका उदय है। इस दिनकी १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल, ४३ प्रतिविपल व्यतीत हो चुके हैं। मनुष्यमान से ब्रह्मा की आयु का विस्तार इस प्रकार है—एक चतुर्युगी का एक महायुग होता है, उसकी सौरमान से वर्षसंख्या ४३२०००० है। इस प्रकार के एक हजार युगों का ब्रह्मा का एक दिन होता है (ऐसे ब्रह्मा के हजार युगों की विष्णु की एक घड़ी होती है, विष्णु के १२ लाख युगों का रौद्रकलार्ध होता है। रुद्र के अर्बुद संख्यक युगों का अक्षरात्मक ब्रह्म होता है। ब्रह्मा के इस एक दिन में जो १४ मन्वन्तर होते हैं, उनमें से १ स्वायम्भुव, २ स्वारोचिष, ३ उत्तम, ४ तामस, ५ रैवत, ६ चाक्षुष, ये छे मनु व्यतीत हो गये है, अब सातवाँ वैवस्वत मन्वन्तर चल रहा है, उसमें भी २७ चतुर्युगी गत होकर अठाइसवीं चतुर्युगी के ३ युग व्यतीत हो गये हैं, और यह २८वाँ कलियुग है।

अथ युगकाल व्यवस्था—सत्ययुग—कार्तिक शुक्ल नवमी बुधवार के प्रथम पहर श्रवण नक्षत्र वृद्धियोग में सतयुग की उत्पत्ति हुई, इसकी आयु १७२८००० वर्ष की थी, इसमें श्रीनारायणके मत्स्य, कच्छप, बराह और नृसिंह, ये ४ अंशावतार हुए, श्रीमत्स्यजी ने वेदोंके चौर शंखासुर को मार कर ब्रह्मा को वेद लाकर दिये, भगवान् कच्छप ने पृथ्वी के रक्षार्थ मन्दराचल को पीठ पर धारण कर शेषनाग की डोर से देवदैत्यों द्वारा समुद्र-मंथन करा कर चौदह रत्न प्रकट किये। श्रीवराहजीने हिरण्याक्ष का वध करके रसातल में गई हुई पृथ्वी का उद्धार किया। श्रीनृसिंहावतारने हिरण्यकशिपु का वध करके भक्त प्रह्लाद की रक्षा की। इस युग में धर्म अपने चारों पद पर कायम था, गौएँ कामधेनु के समान होती थीं, प्रायः स्वर्ण के पात्र और सिक्के के स्थान में रत्न का परस्पर व्यवहार था। इच्छित वर्षा होती थी, एक बार बीज बो कर २१ बार काटते थे। ब्राह्मण चारों वेद के जानकार तथा सत्यभाषी परद्रव्य-परस्त्री-पराङ्मुख और त्यागी होते थे। शाप देने और वर प्रदान करने में भी समर्थ थे। स्त्रियाँ पद्मिनी और पतिव्रता होती थीं। शासक (राजवंश) वर्ग न्यायपरायणान्तःकरण से प्रजा को स्वपुत्रवत् समझते हुए राज्य करते थे। वैश्य लोग सत्यवक्ता धर्मात्मा व्यापारी और शूद्र लोग सेवाधर्म में रहते हुए जीवन व्यतीत करते थे। इस युगमें तीर्थ पुष्कर प्रधान था।

त्रेतायुग—वैशाख शुक्ल तृतीया चन्द्रवार के द्वितीय प्रहर रोहिणी नक्षत्र शोभन योग में त्रेतायुग की उत्पत्ति हुई। इसकी आयु १२९६००० वर्ष की थी, इसमें भगवान् के श्रीवामन, श्रीपरशुराम और श्रीरामचन्द्र ये तीन अवतार हुए। श्री वामनजी ने राजा बलि से ३ पैर पृथ्वी दान लेकर समग्र पृथ्वी को ३ पैर में नाप बलि को पाताल का राज्य दिया। श्रीपरशुरामजी ने कर्तव्य विमुख एवं अन्यायी विलासिता के प्रेममें प्रमत्त अभिमानी क्षत्रियों-का नाश करके २१बार ब्राह्मणराज्य स्थापित किया था। श्रीरामचन्द्रजी ने महा-अभिमानी राक्षसराज रावण का वध करके देवता और ऋषियों को निर्भय किया था। इस युग में धर्म तीन पैर का रह गया था। गौवें त्रिकाल दूध देनेवाली होती थीं, प्रायः चाँदी के पात्र और स्वर्ण के सिक्के का व्यवहार था, वर्षा मौके पर होती थी, एक बार बोकर सात बार काटते थे। ब्राह्मण तीन वेदों के बक्ता और किञ्चिन्न्यून तपोनिष्ठ परस्त्री-परद्रव्यसे पराङ्मुख होते थे, वर शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियाँ चित्रिणी पतिव्रता होती थीं। इस युगमें सूर्यवंशी धर्मात्मा क्षत्रियोंका राज्य था। विचित्र विमानों द्वारा वह इन्द्रलोग पर्यन्त भी जाते थे। वैश्य लोग सत्यवादी और सत्य की तुला में तोलते थे। शूद्र स्वधर्मानुसार सेवा में तत्पर रहते थे। इस युग में तीर्थ नैमिषारण्य प्रधान था। द्वापर—माघ कृष्ण ३० शुक्रवार तृतीयप्रहर धनिष्ठा नक्षत्र वरियान् योग में द्वापरयुग की उत्पत्ति हुई, इसकी आयु ८६४०००वर्ष की थी। इसमें पूर्ण ब्रह्म के श्रीकृष्ण श्रीबलदेव ये दो अवतार हुए। भगवान् श्रीकृष्णने दत्यराज कंसादि दुष्टों का वध किया, तथा संसारार्णवमग्न जीवों के उद्धारार्थ अर्जुन को लक्ष्य करके गीता ज्ञान का उपदेश दिया। श्रीबलदेवजी ने सामयिक लीला करते हुए दुष्टों का नाश करके धर्मका उद्धार किया। इस युग में धर्म दो पैर वाला रह गया था, गौवें दो वक्त घटपूर्ण दुग्ध देनेवाली होती थीं। प्रायः ताम्र पित्तल के पात्र और स्वर्ण तथा रौप्यमयी मुद्राओं का व्यवहार होने लगा था। वर्षा समय पर हो जाती थी, एक बार अन्न का बीज बोकर ३ बार काटते थे। ब्राह्मणलोग दो वेदों के पारंगत होते थे और कुछ असत्य विशेषतया सत्यवक्ता तथा तप यज्ञ देव-पूजनादि करनेवाले किञ्चित् लोभयुक्त वाक्यसिद्धि वाले अर्थात् वर और

शाप देने में समर्थ थे। स्त्रियाँ शंखिनी जाति की सुशीला धर्मयुक्ता होती थीं। इस युग में धर्मप्राण चन्द्रवंशी राजा हुए। प्रायः चारों वर्ण अपने अपने वर्णाश्रम धर्म पर कायम थे, परस्त्री-परद्रव्य से लोग डरते थे। इस युग में तीर्थ कुरुक्षेत्र प्रधान था। **कलियुग**—भाद्रपद कृष्ण १३ अर्धरात्रि के समय आश्लेषा नक्षत्र व्यतिपात योग में कलियुग की उत्पत्ति हुई थी, इसकी आयु ४३२००० वर्ष की है। इसमें भगवान् के अवतार श्री बुद्ध और श्री कल्कि (निष्कलंक) हैं जिनमें अहिंसा धर्म के उद्धारक श्री बुद्धावतार तो हो चुका, और कलि अवतार जब कलियुग के ८२१ वर्ष शेष रहेंगे तब शंभल ग्राम में विष्णुयश ब्राह्मण के घर होगा। इस अवतार द्वारा दुष्टों का नाश होकर पृथ्वी पर लुप्तधर्म की स्थापना के साथ साथ न्यायपरायण क्षत्रियराज्य भी कायम होगा। इस युग में एक पैरवाला धर्म रह जायगा। गौएँ दूध कम देंगी मृण्मय पात्र और ताम्रपात्र तथा कर्गल मुद्रा प्रायः चलेगी। अतिवृष्टि और अनावृष्टि से देशों में भय का सञ्चार होगा। ब्राह्मण लोग वेदज्ञान से शून्य तथा स्नान सन्ध्या तपश्चर्या से भी हीन होंगे। क्षत्रिय लोग अपने धर्म को तिलाञ्जलि दे देंगे। वैश्य लोग व्यापार में असत्य व्यवहार विशेष रूप से उपयोग में लाने लगेंगे शास्त्रनिन्दित मृतचर्म (जूता आदि) के व्यापार से भी लाभ उठायेंगे, शूद्र लोग पाखण्डी होकर बहुधा उच्चवर्णवालों के उपदेष्टा होंगे। प्रजा में वर्णसंकरत्व बढ़ जायगा, धूर्तों की पूजा होगी, अनेक कुकर्मों की वृद्धि होगी। स्त्रियाँ ज्यादा हस्तिनी पैदा होंगी, व्यभिचारिणी स्त्री अपने को सती कहेंगी। पतिव्रता कहीं कहीं देखने में आयेंगी। पुरुष स्त्रियों के वश में होकर चलेंगे। स्त्रियों के छोटी आयु में गर्भ होने लगेगा। पिता कन्या-विक्रय करेंगे। गौ ब्राह्मण की हत्या से भय न करेंगे। पुत्रों का माता पिता के साथ द्रव्य के कारण प्रेम रहेगा। राज्यव्यवस्था में धर्म का स्थान शून्य के बराबर होगा। धर्म-कर्म और तीर्थ पर लोगों की श्रद्धा कम होगी। इस युग में प्रधान तीर्थ गंगा हरिद्वार होगा।

अथ कलिरूपं चोक्तं चिरन्तनैः—पिशाचवदनःक्रूरः कलिश्च कलहप्रियः। धृत्वा वामकरे शिश्नं दक्षे जिह्वाञ्च नृत्यति ॥ **अथ कलिमाहात्म्यम्**—धर्मः प्रव्रजितस्तपः प्रचलितं सत्यं च दूरं गतं, पृथ्वी मन्दफला नराः कपटिनश्चित्तञ्च शाठ्योज्झितम्। राजानोऽर्थपरा ह्यरक्षणपराः पुत्राः पितुर्द्वेषिणः। साधुः सीदति दुर्जनः प्रभवति प्राप्ते कलौ दुर्युगे ॥ निर्बीजा पृथ्वी निरोषधिरसा नीचा महत्त्वं गताः, भूपाला निजधर्मकर्मरहिता विप्राः कुमार्गं गताः। भार्या भर्तृविरोधिनी पररता पुत्रा पितुर्द्वेषिणो, हा! कष्टं खलु वर्तते कलियुगे धन्या मृता ये नराः ॥ न देवे देवत्वं कपटपटवस्तापसजनाः, जनो मिथ्यावादी विरलतरवृष्टिर्जलधरः। प्रसन्ना नीचाश्च अवनिपतयो दुष्टमतयो, जना शिष्टा नष्टा अहह! कलिकालो विलसति ॥ **कलौ गंगायाः स्थितिः**—पृथिवी गंगया हीना भविष्यत्यन्तिमे कलौ, तदैव विष्णुस्त्यजति मेदिनीं नरपुंगव। **भगीरथं प्रति गंगावाक्यञ्च**—यावद्धरण्यां तुलसी प्रपूज्यते गुरुर्नभस्यां दिवि कल्पपादपः। यावत्समुद्रं बड़वानलश्च वसामि तावत्तव चक्रवर्ति ॥ इति ॥ कलौ दशसहस्राणीति वाक्यमन्तिमकलौ ज्ञेयम्, नान्येषु कलिष्विति ॥

अथ वर्षराजादि फल विचार २०१०

अथ श्रीमन्नृपतिधर्ममूर्ति-विक्रमादित्यानां राज्यसिंहासनाध्यासनादतीताब्दानि तत्संवताभिधः २०१० श्रीमन्नृपतिचक्रचूड़ामणि—शकजातियवननिर्बीजक-शालिवाहनराज्याद् गतहायनानि सन् शकाभिधः १८७५ श्रीकृष्णजन्म सं० ५१८९ श्री महावीरनिर्वाण (जैन) संवत्सरः २४७९—८० ईस्वीसन् १९५३—५४ हिजरी सन् १३७२—७३ फसली सन् १३५९ वर्षादौ गुरुमानेन प्रभवादिषष्ठ्यब्दानां मध्ये विष्णुविंशत्यां ४० पराभवनाम्नः संवत्सरस्तस्य फलम्—पराभवाब्दे राज्ञां स्यात्समरः सह शत्रुभिः। आमयः क्षुद्रसस्यानि प्रभूतान्यल्पवृष्टयः ॥ पराभववर्ष में राजाओं का शत्रुके साथ युद्ध हो, रोग और क्षुद्र धान्य अधिक हो, वर्षा थोड़ी हो, जैन ग्रन्थों में इसका विशेष फल लिखा है। तद्यथा—पराभवे केतुः स्वामी मध्यमवृष्टिः, चैत्रे वैशाखे चान्नं महर्घं, मेघगर्जितविद्युद् वायवः, ज्येष्ठे धान्यसंग्रहः, उद्दण्डवायुः, आषाढ़ेऽल्पमेघः, अन्ने द्विगुणो लाभः श्रावणे महती वर्षा, अन्नसमता, भाद्रपदे खण्डवृष्टिः, परं दुर्भिक्षं, आश्विने किञ्चिद् लोकसुखं परं धान्यरसवस्तुमहर्घमेव। धातुसमर्घता, कार्तिकादि मासपञ्चके समता, पश्चिमायामन्नसमता, सिन्धुदेशाद्धान्यागमः ॥ अथात्र वर्षे राजा चन्द्रः मन्त्री चन्द्रः सस्येशो गुरुः, धान्येशो भौमः, मेघेशः रविः, रसेशः शनिः, नीरसेशो बुधः, फलेशः रविः, धनेशो बुधः, दुर्गेशरविः, एते दशाधिकारिणः। अथैषां फलानि—**राजा चन्द्रस्तस्य फलम्** (सर्वदेशेषु)—चन्द्रे नृपे मङ्गलशोभनानि, प्रभूतवारि प्रचुरं च धान्यम्। प्रशाम्यति व्याधितरो नराणां सुखं प्रजानामुदयो नृपाणाम् ॥ इस वर्ष का राजा चन्द्र होने से प्रजा में अच्छे २ मांगलिक कार्य हों, वर्षा अधिक हो, धान्य बहुत हो, मनुष्यों की व्याधि शान्त हो, प्रजा को सुख और राजाओं का उदय हो। **मन्त्री चन्द्रस्तस्य फलम्** (बाल्हीकमालवयोः)—सुधाकरे भूः सचिवेऽन्नपूर्णा फलैरसाढ्यास्तरवश्च गावः। पुत्रप्रसूतिबहुलावधूनां, जनेषु वाणी जयिनी मधूनाम् ॥ चन्द्रमा मंत्री हो तो पृथ्वी धान्यसे और वृक्ष फलों से पूर्ण हों, गौ अधिक वत्स प्रसव करें और स्त्रियों की वाणी मनुष्यों में प्रिय हों। **सस्येशः गुरुस्तस्य फलम्** (पौण्ड्रविदर्भयोः)—कणपतौ सुरराजपुरोहिते सकलसौख्यकरः श्रुतिपूर्वकः। जलधरा जलदा बहुसस्यदा रसपयांसि बहूनि वसूनि वै ॥ यदि बृहस्पति सस्येश हो तो वेद विहित मार्ग से सौख्य हो, वर्षा बहुत हो, अन्न तथा रस गोरस दूध आदि भी बहुत हों। **धान्येशो भौमस्तस्य फलम्**—भूमिजे ग्रीष्मधान्येशे ग्रीष्मधान्यमहर्घकम्। शालीक्षुघृततैलादि महर्घाणि भवन्ति च ॥ मंगल धान्येश हो तो ग्रीष्मधान्य (जौ, गेहूँ आदि) महंगा हो और चावल ईख घृत तैलादि भी महँगे हों। **मेघेशरविस्तस्य फलम्**—जलदपे यदि वासरपे तदा सरसि वै रमते जनता रसम्। यवचनेक्षुनिवारसुशालिभिः सुखचयः सुलभो भुवि वर्तते ॥ यदि मेघेश सूर्य हो तो जनता आनन्दपूर्वक जलमें विहार करती है, जौ, चने, ईख, नीवार चावल आदि अच्छे उत्पन्न हों और पृथ्वीपर सुख हो।

रसेशः शनिस्तस्य फलम्—रविसुते रसपे रससंक्षयो न जलदा गददाश्च पयोधराः। अजगवां गजवाजिखरोष्ट्रहा जनपदेषु नरा न रसैर्युताः ॥ शनैश्चर रसेश हो तो रसों का नाश हो बादलों से पानी के बदले रोग वर्षे, बकरी, गौ, हाथी, घोड़े, गधे और ऊँट इनका नाश हो और मनुष्यों में नीरसता रहे। **नीरसेशो बुधस्तस्य फलम्**—चित्रवस्त्रादिकं चैव शङ्ख चन्दनपूर्वकम्। अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो बुधो यदि ॥ बुध नीरसेश हो तो चित्रविचित्र छींट आदि के वस्त्र और शंख चन्दन आदि सस्ते हों। **फलेशः रविस्तस्य फलम्**—द्रुमवती वरपुष्पवतीधरा प्रमुदिता फलभोगविशेषतः। बहुजलं जलदो भुवि मुञ्चति क्वचिदपि प्रमितं फलपो रविः ॥ सूर्य फलेश हो तो पृथिवी में अनेक प्रकार के वृक्ष और फल हों, फलों के भोगादि से आनन्द हो, और वर्षा बहुत हो। **धनेशो बुधस्तस्य फलम्**—द्रविणपो हिमरश्मिसुतो यदा विविधसंग्रहवस्तुफलार्यदा। द्विजवरा जपयज्ञसुसंयुताः कृषिविशेषविशेषितमानसाः ॥ बुध धनेश हो तो कई प्रकार की वस्तुओं का संग्रह लाभदायक हो, विद्वान् विप्र जप यज्ञादि करें और कृषक लोग खेती में विशेष दत्तचित्त रहें। **दुर्गेशः रविस्तस्य फलम्**—

नवविशेषकरस्तरणिस्तदा गतभया· नरराजपुरोगमाः । समधिको न तदा नृपजांन्यजं स्वपथजं व्रजतां न भयं क्वचित् ॥ सूर्य दुर्गेश हो तो राजा न्याय करें, राजद्वारमें जानेवाले निर्भय हों, राजवर्गी तथा अन्य सब समान रहें, और अपने नियत मार्ग में चलनेवालों को कुछ भी भय नहीं हो।

बैशाख-अधिमास का फल—वर्षा कम, प्रजामें धनधान्य की, वृद्धि और घृत तैल कपास सस्ता हो। नौ मेघों में से **नील नाम मेघ का** फल—वर्षा शीघ्र शुरू हो, कपास अधिक पैदा हो। इस वर्ष द्वादश नागों में **बासुकी नाग** है उसका फल—अच्छी खेती होने योग्य उत्तम वर्षा हो। इस वर्ष सप्त पवनोंमें वायु नाम पवन है फल—साधारण हवा चले वृक्षों की वृद्धि हो। इस वर्ष **रोहणी का निवास** पर्वत में है फल—वर्षाकी कमी, धान्य हानि। **वर्ष का निवास** कुम्भकार के घर में है फल—वर्षा की कमी रहे। संवत् की सवारी मृग की है शनि की दृष्टि पश्चिम में है.॥ इस वर्ष चन्द्रग्रहण २ हैं—पहला आषाढ़ शु. १५ को, दूसरा पौष शु. १५ को है। सोमवती अमावस्या १, बुधाष्टमी १। अथ वर्षादीनां विश्वामानम्—वर्षा विश्वे १३ धान्य ७ तृण ११ शीत ५ तेज ५ वायु १३ वृद्धि १५ क्षय १५ विग्रह ११ क्षुधा ९ तृषा ३ निद्रा १३ आलस्य ९ उद्यम १३ शान्ति ११ क्रोध ११ दम्भ ११ पाखण्ड ९ लोभ ७ मैथुन ९ रसनिष्पत्तिः १३ फल—निष्पत्तिः ११ उत्साह ३ उग्रता १३ पाप १७ पुण्य ११ व्याधिः १७ व्याधिनाशः ५ आचारः १३ अनाचारः ११ मृत्यु १ जन्म ३ देशोपद्रव ३ देशस्वास्थ्य ३ चौरभय ५ चौरनाश ११ अग्नि ५ अग्निशान्ति ५ टिड्डी ९ तोता ३ मूषक ३ सुवर्ण ३ ताम्र १३ स्वचक्र १३ परचक्र ३ अतिवृष्टि ११ अनावृष्टि ११ उद्भिज (वृक्षलता क्षुप आदि) ७ जरायुज (मनुष्य तथा गौ आदि पशु) ३ अण्डज (पक्षी तथा सर्पादि) १३ स्वेदज (पसीने से उत्पन्न जूं खटमल आदि) ९ संवत्-विस्वा १८।

वर्षस्तम्भ चतुष्टयविचार—इस वर्ष जल और तृण दोनों स्तम्भों का अभाव है, अतः इस वर्ष वर्षा की भारी कमी रहेगी। इसी कारण तृण की उत्पत्ति भी कम होगी जिससे कई प्रान्तों के कृषक लोगों में पशुओं के चारे की भारी चिन्ता बनी रहेगी। वायुस्तम्भ रुपये में ११ आने हैं। अतः वायु का सञ्चार अच्छा रहेगा। अन्न का स्तम्भ रुपये में १० आने हैं। अतः नदीमातृक देशों में अन्न की उत्पत्ति अच्छी हो जावेगी।

आर्षमान (वर्षरक्षा के ४ किले)—पहिला आर्ष गत पौष की अमावस मूलका ८ विश्वे है, और दूसरा आर्ष अक्षय तृतीया रोहिणीका, एवं तीसरा आर्ष श्रावण की पूर्णमासी को श्रवण का यह दोनों शून्य ० विश्वे हैं, चौथा आर्ष कार्तिक की पूर्णमासी को १३ विश्वे हैं। आर्ष मान देखते हुए यह वर्ष प्रजा के लिये मध्यम ही दीखता है बड़े शहरों की जनता में बेचैनी रहेगी।

अखै तीज रोहिणी नहि होई। राखी श्रवणों हीन विचारो। महीमाह खलबली प्रकाशे।
पौष अमावस मूल न जोई॥ कातिक पुण्यो कृतिका टारो॥ कहे भड्डली साख विनाशे॥

अथ नववर्षप्रवेशः—गत सं० २००९ वि. चै. कृ. ३० रविवार को इष्टघटी २४।५१ पर सिंहलग्न के ७ अंशपर नववर्ष का प्रवेश होगा। सो इस वर्ष जनता को अन्न की प्राप्ति सुलभ हो, वर्षा श्रेष्ठ पूर्वीय भारत में खड़ी फसल को कुछ हानि हो और दाख सेव बादामादि महँगे हों, बंबई गुजरात में रोगभय।

वर्षलग्नम्—सं. २०१० वि. प्रथम वै. कृ. ३० चन्द्रवार को इष्टघटी २०।१२ सिंह लग्न की १५ कला पर श्री सूर्यनारायण मेषराशि में प्रवेश करेंगे। यहां लग्न को गुरु त्रिपाद दृष्टि से तथा अन्य शुभाशुभ ग्रह अपूर्ण दृष्टि से देख रहे हैं, और लग्नेश स्वयं अष्टम पहुंच रहे हैं अतः यह वर्ष प्रजा में रोग भय तथा कई प्रकार के आतंक से कष्ट देने वाला होगा। आषाढ़, आश्विन, मार्गशीर्ष, महीने शुभ नहीं हैं।

सूर्यका आर्द्रा प्रवेश सामयिक फल विचार—सं. २०१० वि. ज्येष्ठ शुक्ल ९ रविवार को इष्टघट्यादि ४४।४९ लग्न कुंभ अंश १२ पर श्रीसूर्य भगवान् आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश होंगे, उस समय तात्कालिक तिथि १० है फल—प्रजामें मंगल कार्य बहुत हों। वार रविफल—पशुओं की हानि हो। नक्षत्र चित्रा का फल—मूंग मोठ उड़द की उत्पत्ति अच्छी हो और प्रजा में शुभ फल। योग परिघ का फल—राजाओं को पीड़ा हो और प्रजा में धर्म अर्थ का नाश हो। समयफल—सुख शान्ति हो। लग्न कुम्भ फल—आर्द्रा प्रवेश लग्न से चन्द्रमा नवम और सूर्य पञ्चम है, चन्द्रमापर भृगु की दृष्टि है और सूर्य, मंगल से स्थान सम्बन्ध रखता है अतः सब प्रकार के धान्यों की उत्पत्ति रुपये में १२ आने होगी, कहीं अतिवृष्टि से और कहीं अनावृष्टि से भी कुछ हानि हो। मेष राशिस्थगुरुफल—इस वर्ष गुरु का मेष में भ्रमण वर्षारम्भ से केवल प्रथम वैशाख कृष्ण नवमी (९ अप्रैल) तक रहेगा जो मेवाड़ प्रान्त में पीड़ा और दक्षिण के किसी प्रान्त को समीपस्थ बड़ी सत्ता में विलीन करता है। वृषराशिस्थ गुरुफल—प्रथम वैशाख कृष्ण दशमी से भाद्रपद कृष्ण चतुर्थी तक और उसके बाद फिर मार्गशीर्ष कृष्ण दशमी से वर्षान्त तक गुरुग्रह वृषमें भ्रमण करेंगे जो उत्तर में अनावृष्टि, कहीं दुर्भिक्ष हाथी घोड़ों को रोग और उज्जैन प्रान्त में उत्पात, कहीं टिड्डी का आगमन भी करते हैं। मिथुन राशिस्थगुरुफल—अतिचार गति से गुरु भाद्रपद कृ. ५ से मार्गशीर्ष नवमीतक मिथुन राशिमें भ्रमण करेंगे जिसका निम्नलिखित फल होगा—तेल खण्ड धातुओं का भाव सस्ता, सिन्धु देश में रोग, प्रजा में चौरभय और बालकों को पीड़ा हो।

॥ अथ लाभव्ययचक्रम् ॥

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	कं.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशयः
११	५	११	५	८	११	५	११	८	२	२	८	लाभ
१४	८	५	२	१४	५	८	१४	५	८	८	५	व्यय

लाभव्यय देखने की रीति—लाभ और व्यय के अंकों को जोड़ कर एक घटावे, और ८ का भाग देवें शेष १।२।६।७ बचे तो उस वर्ष में लाभ उत्तम होवे, और शेष ३।४।५।०० बचे तो लाभ बहुत कम होवे, और चिन्ता भी रहे।

श्रद्धेय श्री पं० नेहरू और ज्योतिश्शास्त्र

श्रद्धेय श्री पं० नेहरू और ज्योतिश्शास्त्र

आजकल कुछ पाश्चात्त्य शिक्षा से शिक्षित महानुभाव फलित ज्योतिष की सत्यता में सन्देह करके इस विषय में अनेक शंकाएँ उठा रहे हैं। जिसका प्रधान कारण देववाणी संस्कृत से सर्वथैव अपरिचित होना ही ज्ञात होता है। इस शास्त्र का जन्म सहस्रों वर्ष पूर्व भारत में ही मनुष्यमात्र के कल्याणार्थ हुआ था। जिसकी महानता व अद्‌भुत चमत्कार से सम्पूर्ण विश्व का सभ्य समाज परिचित है। पूज्य महर्षियों ने अपने अद्‌भुत यौगिक बल से निश्चय किया था कि हमारे सौर परिवार के जो आकाशस्थित चन्द्र भौमादि ग्रहपिण्ड हैं, वह ईश्वरप्रदत्त सत्ता द्वारा परस्पर आकर्षण करने से सब चलायमान होते हैं, और अपनी पृथक् २ गति के अवलम्बन से शून्याकाश में चक्र लगाते हैं। इन्हीं त्रिकालज्ञ महापुरुषोंके सतत परिश्रम से इन गगनविहारी पिण्डों की यथार्थगति का ज्ञान हुआ है। इनकी किस समय में कहाँ स्थिति होगी? और उस स्थिति से एक दूसरे पिण्ड पर क्या प्रभाव होगा? उस पिण्ड के प्राणीसमूह उस प्रभाव का क्या फल पावेंगे? और पृथक् २ व्यक्ति उस फल के कितने भाग का अधिकारी हैं? इन्हीं फलविचारों के चिट्ठे का नाम ज्योतिश्शास्त्र है। प्राय: समस्त आस्तिक भारतीय जन्मान्तरवाद पर श्रद्धा रखनेवाले 'अपने २ शुभाशुभ कर्मजन्य फल के कारण ही इस जन्म में अच्छा या बुरा फल होता है' सिद्धान्तरूप से ऐसा मानते हैं। उसी फल को ज्योतिश्शास्त्र ग्रहगति के विचित्र फल द्वारा निर्णय करके पहिले ही प्रकट कर देता है। वृहज्जातक में आचार्य वराहमिहिर जी ने स्पष्ट लिखा है कि---कर्मार्जितं पूर्वभवे सदादि यत्तस्य पङ्क्तिं समभिव्यनक्ति। यह शास्त्र प्राणियों के पूर्वजन्म में किये हुए पुण्य और पाप जो कुछ रहते हैं उनके फलभोग कालको (ग्रहगति द्वारा निश्चित करके) ठीक-ठीक बतलाता है।

विदेशीय शिक्षावशात् पूज्य त्रिकालज्ञ आचार्यों के वाक्योंपर विश्वास न हो तो यूरोप के क्लेयर नामक महान् ज्योतिषी का मत देख लें। इन्होंने लिखा है, कि "ग्रहों के योग व प्रतियोग का अनुभव शुभाशुभपरिणामों द्वारा मनुष्यको अवश्य मिलता है।"

इस शास्त्र के आधार पर बुद्धिमान् मनुष्य अपनी भविष्य जिन्दगी का अच्छा बुरा समय, यश, हानिलाभ एवं वर्षा सुभिक्ष-दुर्भिक्ष आदि सब बातें अच्छी तरह समझ कर सावधान रह सकता है, क्योंकि आगामी घटनाओं की सूचना पहिले ही दे देने की क्षमता यही शास्त्र रखता है, अन्य कोई नहीं। इसी अपने अनोखेपन के कारण चिरकाल से कट्टर विरोधियों के प्रहार को दूर फेंकता हुआ अपनी वैज्ञानिकता के आधार पर आज भी यह शास्त्र उत्तरोत्तर प्रगति के पथपर है। पूर्ण उन्नत व सभ्य गिने जाने वाले इङ्गलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, अमरीका, जापान आदि देशों में आजकल ५० हजार से अधिक ज्योतिष के विद्वान् हैं और वह ज्योतिष के फलितादि विषयों पर नई २ पुस्तकें लिखकर वहाँ की जनता पर इस ज्योतिर्विज्ञान की सत्यता की छाप बिठा रहे हैं। सम्पूर्ण संसार के सर्व ग्रन्थों से अत्यन्त प्राचीन वेद भगवान् ने भी "ज्येष्ठघ्न्या जातो विचृतोर्यमस्य मूलवर्हणात्परियाहयेनम्" (अथर्व ६-११०-२) लिखकर फलित ज्योतिष की सत्ता को स्वीकार किया है। जैमिनि, पराशर, गर्ग आदि विश्ववन्द्य महर्षियों ने इस शास्त्र पर अलौकिक ग्रन्थ रचे जो जैमिनिसूत्र, पराशरी आदि नामों से विश्व में विख्यात हैं। तदनंतर वराह मिहिर, सत्याचार्य, ब्रह्मगुप्त, केशव दैवज्ञ कल्याणवर्मा आदि धुरन्धर ग्रन्थकार आचार्यों ने भी अभूतपूर्व ग्रन्थ लिखकर इस शास्त्र को चार चांद लगा दिये हैं। यदि इस शास्त्रमें सचाई की गन्ध न होती तो इतने बड़े २ पूज्य महर्षिगण एवं आचार्यप्रवर क्या इस विषय पर वृथा कलम उठा सकते थे? कदापि नहीं, सोचने की बात है कि क्या कभी प्रापञ्चिक मूल रहित कोई झूठी विद्या सहस्रों वर्ष तक स्थिर रह सकती थी? बिना सत्यता के इस वैज्ञानिक युग में तो इसका दो दिन जीवित रहना भी असम्भव था। मुझे खेद है कि वर्तमान भारत के सब से बड़े मान्य नेता भारत-महामन्त्री भारत-हृदय सम्राट् श्रद्धेय श्रीमान् पं० नेहरू जी ने गतवर्ष श्रीमार्तण्डपञ्चाङ्ग छपने के अनन्तर एक सार्वजनिक सभा में बोलते हुए ज्योतिषियों के विषय में कुछ ऐसे ही अपमान जनक शब्द कहे हैं, जिससे ज्योतिषियों के साथ २ ज्योतिश्शास्त्र का भी अपमान हुआ है। ज्योतिष जैसे विज्ञान को उसके स्वाध्यायादि के बिना ही मिथ्या एवं प्रपञ्च समझकर सहसा उस के विरुद्ध बोलना श्री पण्डित जी जैसे विचारशील उदारात्मा महापुरुष केलिए शोभाजनक नहीं है। हाँ! यदि समय की हालत अखबारी अफवाहों की गन्ध से अनुमानित भविष्य वाणियाँ लिखने वाले धूर्त प्रपञ्ची ज्योतिषी नामधारी मायावी पुरुषों के ही आप विरुद्ध हैं तो यह उचित ही है, क्योंकि—आ श्रावगन्धान्परवृत्तजातान् सन्धाय लोकान् बहुधा प्रपञ्चैः। प्रवर्तते यः फलिताभिमानी स साधुवाचाऽपि न पूजनीयः ॥ भावार्थ यह है कि---घटनेवाले समाचारों का गन्ध लेकर जो भविष्यवाणी व फलित बोल कर प्रपञ्च से लोगों को ठगते हैं, उनका, अच्छी वाणी से भी आदर न करें, अर्थात् उन्हें अपशब्द कहना भी बुरा नहीं। (जैमिनीपद्यामृत)।

ग्रहगति का विचार बड़ा ही सूक्ष्म है कदाचित् मनुष्य बुद्धिवश (भ्रान्तिर्मनुष्यधर्मः) समयेष्टग्रहगणितादिक के विचार में कोई न्यूनता रह जावे या अधूरे ज्ञान के कारण कोई फल न मिला सके तो इतने मात्र से इस शास्त्र पर मिथ्यात्व का कलंक नहीं थोपा जा सकता। जैसे कोई वैद्य ज्वर निवृत्त्यर्थ गुड़ूची (गिलोय) का या डाक्टर कुनैन का प्रयोग करते हैं, कदाचित् किसी ज्वराक्रान्त रोगी को गिलोय या कुनैन से ज्वर न जावे तो गिलोय या कुनैन का ज्वरनिवृत्ति गुण वा वैद्य डाक्टरों का वह मत मिथ्या नहीं कहा जा सकता, उसमें कारण यही समझा जावेगा कि ज्वरभेद से निदान में या ओषधी प्रयोग में कुछ त्रुटि अवश्य रह गई होगी।

श्रीमन्! मैं एक ज्योतिश्शास्त्रवेत्ताओं के घराने का तुच्छ जीव हूँ। हमारे पूर्वज ज्योतिष-विद्या के चमत्कारों के कारण सिक्ख सम्प्रदाय के कर्ता धर्ता श्री गुरुगोविन्दसिंह जी महाराज के यहाँ अन्य विद्वानों के साथ दरबारी ज्योतिषी के रूप में सम्मानपूर्वक रहते थे। आजतक भी सिक्ख सम्प्रदाय का इस घराने पर अतुल विश्वास है। मैं पूज्य श्री पं० नेहरू जी महोदय को बड़े सम्मानपूर्वक बतला देना चाहता हूँ कि यह ज्योतिश्शास्त्र यथार्थ में सत्य है, परन्तु वर्तमान में अन्य विज्ञान डाक्टरी आदि विद्याओं की तरह राज्याश्रय के बिना इस शास्त्र का गम्भीर अध्ययन पर्यालोचन जैसा होना चाहिये वैसा नहीं हो रहा है। यदि आप इस शास्त्र की ठीक ठीक परीक्षा ही करना चाहते हैं तो अब स्वतन्त्र भारत में इसके रिसर्च का एक विभाग खोलिये। उसमें इस शास्त्र के अच्छे २ नये पुराने सभी विद्वानों को गृहचिन्ता से मुक्त कर रिसर्च के लिये नियत कीजिये और साथ ही इस शास्त्र के अभ्युदय के लिये रेखासान्निध्य-वर्ती कुरुक्षेत्रादि स्थानों में भारतीय प्रकारानुसार वेधशालाएँ स्थापित कराकर अपना शास्त्रप्रेम प्रदर्शित कीजिये, फिर देखिये इस शास्त्र की भविष्यवाणी आदि का चमत्कार। यदि ऐसा करने पर भी यह शास्त्र ढोल की पोल ही दीखे तो हमारे ज्योतिष व्यवसाय को बन्द करा देने आदि का आपको पूर्ण अधिकार है। कृपया देखिये सन् १९३४ ईस्वी की जन्त्री (पञ्चाङ्ग) में हमने बिहार के भूकम्प का स्पष्ट उल्लेख मय तारीख के ८ मास पूर्व ही लेखबद्ध करके छाप दिया था, तदनन्तर गत महायुद्ध में जिस समय कन्धे से कन्धा भिड़ाकर रूस, जर्मनी अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ रहे थे, उसी समय हमने इनकी मैत्री टूटने और शत्रु बनकर परस्पर सर्वनाश की तैयारी में जुट जाने का संकेत लिखकर १ वर्ष पहिले छपा दिया था, इसी तरह १ वर्ष पहिले युद्ध के विषय में पूर्व से भी भय लिखकर जापान के युद्ध में कूदने का

संकेत कर दिया था, जिसका किसीको स्वप्नमें भी ख्याल न था क्या यह ग्रहगति से जायमान फलित ज्योतिष का कम चमत्कार था ? यदि ऐसा चमत्कार किसी गुणग्राही यूरोपादि देशों में कोई दिखा देता तो उसे गृहचिन्ता से मुक्त कर इस विद्या के रिसर्च विभाग का अध्यक्ष बना दिया जाता, परन्तु धर्ममार्तण्ड श्री बघाटनरेश के अतिरिक्त अन्य किसी ने भी अपनी गुणग्राहकता का परिचय देकर हमारे उत्साह को नहीं बढ़ाया।

ज्योतिष की सत्यता की परीक्षा के लिये कुछ योग लिखता हूँ—

देखिये किसी पुरुष की निरयन शुद्ध जन्मकुण्डली में तीसरे, छठे, दशवें, ग्यारहवें नीच-नीचांश-रहित चारों स्थानों में पापरहित शुभग्रह बैठे हों तो वह पुरुष देश, जाति, कुलानुमान से महाधनी होता है। क्या कोई इस योगवाले पुरुष को निर्धन दिखा सकता है ? और भी किसी कुण्ड में पांच ग्रह उच्च के नीचांश व भङ्गयोग रहित (पञ्चादिभिरन्य जाताः) पड़े हो, उसे गरीब भिक्षुक दिखा दें तो मैं ज्योतिष को झूठा मानकर इस व्यवसाय को छोड़दूंगा।

शुभयोग रहित कन्या राशि के शनैश्चर जब भी आते हैं तब संसार में रुई की भारी कमी होकर महा तेजी आती है ऐसा ज्योतिश्शास्त्र से सिद्ध है। यह योग विक्रमी सं. १९४१–१९७८ और २००७—२००८ में बना था जिसका फल बराबर गोली की चोट मिला। फलित ज्योतिष को मिथ्या बतलानेवाले महानुभाव जवाब दें कि शनि तो आकाश में लाखों कोश की दूरी पर है फिर इस जड़ ग्रह का विश्वकी रुई पर यह प्रभाव क्यों हुआ ? और भी देखिये जब शनैश्चर और गुरु दोनों का तुला, वृश्चिक, धनुराशि में स्थान संबन्ध होता है, तब संसार में अनावृष्टि, दुर्भिक्ष कहीं तुगयानी (जलप्रलय) युद्ध, महामारी आदि दुर्घटनाओं से असंख्य प्राणियों का संहार हो जाता है। पीछे जब कभी भी यह योग आया तब तब बराबर फल मिला। विश्वास न हो तो पिछला रिकार्ड मिलाकर देख लें। जब फलित कुछ चीज नहीं, तो उपर्युक्त योग का प्रत्यक्षफल बराबर क्यों मिलता है ! फलित को मिथ्या कहनेवालों के पास इसका क्या उत्तर है ? इसी तरह प्रजापर सप्तग्रही योग का भी राष्ट्रपीड़ा दुर्भिक्षादि भयप्रद फलअवश्य होता देखा जाता है। इस विषय में फिरइसवेद भगवान् के नेत्र स्वरूप ज्योतिशास्त्र की सत्यता में सन्देह ही क्या है ?

अनुभूतिप्रदं नाम ज्यौतिषं शास्त्रमुत्तमम् ।
निगमान्निर्गतं लोके वन्द्यं विजयतेतराम् ॥ (पञ्चाङ्गकर्ता)

सं० २०१० में शनैश्चर की ढैया व साढेसती

